सत्यमेव जयते
भारत सरकार
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
GOVERNMENT OF INDIA
**NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES**

File No. Tour Programme/CP/20/2017/RU-III

6th floor, B Wing Loknayak Bhawan,
Khan Market,
New Delhi-110003
**Dated: 21th September, 2017**

To,

1. The Secretary,
Tribal Welfare & SC Development
Department,
Govt. of Chhattisgarh,
Mahanadi Bhawan,
New Raipur, Raipur

2. The Secretary,
SC & ST Welfare
Department,
Govt. of Madhya Pradesh,
Bhopal, (Madhya Pradesh)

3. The Collector,
District- Anupur,
(Chhattisgarh)

4. The Collector,
District- Durg,
(Chhattisgarh)

**Sub**: Tour Report of Shri Nand Kumar Sai, Hon'ble Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes (NCST) to visit Chhattisgarh and Madhya Pradesh States from 05th August to 14th August, 2017.

Sir/Madam,

I am directed to enclose herewith a copy of tour report of Shri Nand Kumar Sai, Hon'ble Chairperson, NCST to visit Chhattisgarh and Madhya Pradesh States from 05th August to 14th August, 2017 for information and necessary action.

Yours faithfully,

(S.R. Meena)
**Assistant Director**

Copy to:

NIC, NCST uploaded on the web site.

Tel.:011-24657271, 011-24615012, 011-24624714, Fax: 011-24604689, 011-24624191

(5)

<u>भारत सरकार</u>

<u>राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली</u>

**श्री नन्द कुमार साय, मान. अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की दिनांक 05 से 14 अगस्त 2017 तक छत्तीसगढ़ – मध्यप्रदेश प्रवास का प्रतिवेदन**

**दिनांक 05 अगस्त** को माननीय अध्यक्ष महोदय ने निर्धारित कार्यक्रम के तहत वायु मार्ग से रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए प्रस्थान किया। विमानतल से जेल रोड स्थित निवास पहुंचे, जहां पर आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुना। माननीय अध्यक्ष ने समस्याग्रस्त जनप्रतिनिधियों को आयोग के माध्यम से हरसंभव समाधान निकालने आश्वस्त किया। इसके पश्चात दोपहर 2.20 बजे रेलमार्ग से रायगढ़ के लिए प्रस्थान किया।



**दिनांक 06 अगस्त** को माननीय अध्यक्ष महोदय सड़क मार्ग से होकर भगोरा से गोलियागढ़ पहुंचे। यहां पर आदिवासी समाज और संगठन के पदाधिकारियों ने एक बैठक का आयोजन किया था, जिसमें माननीय अध्यक्ष महोदय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस बैठक में समाज के प्रतिनिधियों ने आदिवासीजनों की समस्याओं और उसके निदान को लेकर अपनी बात रखी। माननीय अध्यक्ष महोदय ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया और आयोग से प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए उन्हें मदद का आश्वासन दिया।

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi



दिनांक 09 अगस्त 2017 को मान. अध्यक्ष महोदय ने अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के अवसर पर शासकीय हाईस्कूल, पत्थलगांव, जिला जशपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख आदिवासी नेताओं ने भाग लिया, जिसमें पूर्व मंत्री श्री रामपुकार सिंह, पूर्व विधायक श्री हृदयराम राठिया, जशपुर नगर पालिका अध्यक्ष श्री हीरूराम आदि सम्मिलित थे।




नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

इस अवसर पर आदिवासी समाज के विभिन्न वर्गों ने अपनी परंपरागत लोक कलाओं का प्रदर्शन किया।



अपने संबोधन में श्री नंदकुमार साय ने राष्ट्र की सुरक्षा में आदिवासी समाज के योगदान को रेखांकित किया तथा समाज के समुचित विकास के लिए उनकी एकजुटता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए भारतीय संविधान में विशेष प्रावधान किए गए हैं तथा उनके कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। परंतु इसके उपरांत आदिवासी समाज विकास की दौड़ में पिछड़ा हुआ है।



Nand Kumar Sai
Chairperson
National Commission for Scheduled Tribes
Govt. of India
New Delhi

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक है कि महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए समाज के लोग उनकी समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील हों। उन्होंने इतिहास में आदिवासियों के योगदान को शामिल किए जाने के लिए आदिवासी शहीदों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया।




**दिनांक 10 अगस्त** को माननीय अध्यक्ष महोदय पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कोरबा से प्रस्थान कर मध्यप्रदेश राज्य के अमरकंटक जिला अनुपपुर पहुंचे। अमरकंटक स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें माननीय अध्यक्ष महोदय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर सामाजिक विकास के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।



Chairperson
National Commission for Scheduled Tribes
Govt. of India
New Delhi

समारोह को संबोधित करते हुए माननीय अध्यक्ष ने कहा कि जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में अधिक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। आदिवासी समाज प्रकृति का संरक्षक है और दुनियाभर में बढ़ते तापमान जैसी चुनौतियों का समाधान आदिवासी जीवनशैली में समाहित है।




**11 अगस्त 2014** को सड़क मार्ग द्वारा बिलासपुर से सिमगा होते हुए रायपुर के लिए प्रस्थान किया। स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सड़क मार्ग से माननीय अध्यक्ष महोदय ने राजनांदगांव के लिए प्रस्थान किया, जहां पर आदिवासी समाज की महिला जनप्रतिनिधियों के साथ उनकी बैठक पूर्व निर्धारित थी। महिला जनप्रतिनिधियों ने माननीय अध्यक्ष को समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। माननीय अध्यक्ष ने मौजूद महिला जनप्रतिनिधियों को हरसंभव मदद के लिए आश्वस्त किया।



नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

**12 अगस्त 2017** को माननीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला दुर्ग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अजजा के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि अजजा वर्ग के बेरोजगारों को राहत मिल सके।




**13 अगस्त** को माननीय अध्यक्ष महोदय गौरेला में राष्ट्रीय वीर दुर्गा दास राठौर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi